Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to fix the schedule of written test for appointment in Indian Army / Defence Services.

श्री भगवंत मान (**संगरूर**): माननीय सभापति जी, पंजाब में भारतीय फौज की प्रक्रिया फरवरी 2021 के लिए शुरू हुई थी। पंजाब में कम से कम 16000-17000 नौजवानों ने फिजिकल टैस्ट पास किया, सिर्फ मेरी कांस्टीटुएंसी के 4000 लड़कों ने पटियाला कैंट में फिजिकल टैस्ट पास किया। वे तैयारी करते हैं और टैस्ट करते हैं। … (व्यवधान) कोरोना के चलते रिटन एग्जाम की डेट कैंसल हो गई। इसके बाद फिर डेट मिली और वह भी कैंसल हो गई। पंजाब के 20,000 नौजवान, जो देश की सेवा करना चाहते हैं, खास तौर से संगरूर के 4000 लड़के मेरे पास आए थे, मैं आपके माध्यम से उनकी तरफ से डिफेंस मिनिस्ट्री से मांग करता हूं कि जल्दी से जल्दी रिटन टैस्ट की तारीख तय की जाए ताकि वे देश की सेवा कर सकें। धन्यवाद। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री अनिल फिरोजिया – उपस्थित नहीं।

श्रीमती प्रमिला बिसाई जी, ये वरिष्ठ महिला सदस्य हैं। कृपया आप लोग उनकी बातों को ध्यान से सुनिए।

… (व्यवधान)